हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 सितंबर 2025

04 शराब पीने पर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने की थी...



08 केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर 23 करोड़ खर्च कर बन रहे ...





## खबर संक्षेप

### डाकघर की सुविधाएं अब रात 8 बजे तक मिलेंगी

**विदिशा।** विदिशा के प्रधान डाकघर में अब नागरिकों को रात 8 बजे तक डाक सुविधाएं मिलेंगी। अधीक्षक डाकघर टीएस भील ने बताया कि वित्तीय लेनदेन का समय सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा, शनिवार को वित्तीय लेनदेन का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार सभी प्रकार की डाक बुकिंग का समय सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा। अधीक्षक डाकघर श्री भील ने बताया कि डाकघर के लेनदेन एवं बुकिंग का समय बढाए जाने से आमजन को डाकघर की सुविधाओं का लाभ उठाने में अधिक समय व्यतीत नहीं करना पड़ेगा, साथ ही बुकिंग का समय रात्रि 8 बजे तक होगा।

### गणेशोत्सव झांकियों का पुरस्कार वितरण आज

**विदिशा।** गणोशोत्सव चल समारोह में शामिल हुईं गणेश प्रतिमा झांकियों के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन आज शनिवार को किया जाएगा। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि गणेश उत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम शहनाई गार्डन में सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा।

### आज निकाली जाएगी अखंड ज्योति यात्रा

**कुरवाई।** माता बाग मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली अखंड ज्योति यात्रा इस साल भी बड़े धूमधाम से आयोजित की जा रही है। इस वर्ष मां कामाख्या देवी के शक्तिपीठ असम से माता बाग मन्दिर समिति के सदस्य अखंड ज्योति कुरवाई ला रहे हैं। यह यात्रा शनिवार को सुबह साड़े नौ बजे कुरवाई में प्रवेश करेगी और नगर में भ्रमण करते हुए माता बाग मंदिर पर समाप्त होगी। समिति द्वारा प्रतिवर्ष 51 शक्तिपीठों से अखंड ज्योति में से लायी जाती है, अब तक 20 से अधिक शक्तिपीठों से ज्योति आ चुकी है। श्रद्धालुओं से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई है।

### अभियान के रूप में हो रहा फामर्र रजिस्ट्री कार्य

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अभियान के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है। राजस्व अधिकारी व अन्य गांव गांव में पहुंचकर डोर-टू-डोर सम्पर्क कर फार्मर आईडी से वंचित किसानो के दस्तावेजों के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री के कार्य संपादित कर रहे है। शुक्रवार को कुरवाई, लटेरी तहसील के ग्रामो में विशेष केम्पो का आयोजन किया गया था। अधीक्षक भू-अभिलेख सविता पटेल ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य के दौरान आधार, और मोबाइल की ओटीपी डालकर डाटा को सेब ड्राफ्ट में रखा जा रहा है। उसके बाद में लैंड वेरीफाई होने के पश्चात आईडी के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री कार्य किया जा रहा है।

**काव्यानंद साहित्य** सम्मान समारोह में पहुंचे राणा का विदिशा में हुआ **नागरिक अभिनंदन**

## मध्यप्रदेश को 'मित्र प्रदेश' बताया: आशुतोष राणा बोले- भारत का चित्र, चरित्र व चिंतन आने वाले समय में विश्व स्तर पर सराहा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रख्यात फिल्म अभिनेता, साहित्यकार और चिंतक आशुतोष राणा शुक्रवार को विदिशा पहुंचे। यहां काव्यानंद साहित्य सम्मान समारोह में उनका नागरिक अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर प्रख्यात गीतकार स्व. आनंद श्रीवास्तव के ग़ज़ल संग्रह 'सहर' और वरिष्ठ शायर निसार मालवी के ग़ज़ल संग्रह 'आमदा' का विमोचन भी किया गया। शिव तांडव स्तोत्र को संस्कृत से हिंदी में अनुवाद कर अपनी आवाज देने वाले राणा ने फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ साहित्य और वक्तृत्व कला में भी विशेष पहचान बनाई है। समारोह में वरिष्ठ रचनाकार, शिक्षाविद और कवि डॉ. जगमोहन शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

विदिशा निवासी कवि-गीतकार आलोक श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर आशुतोष राणा ने कहा कि काव्यानंद के माध्यम से आलोक श्रीवास्तव ने उन लेखकों को मंच दिया है जिनके पास प्रतिभा तो है, लेकिन प्रकाशन की सुविधा नहीं।

उन्होंने 'सहर' और 'आमदा' के विमोचन को इसका उदाहरण बताया। आशुतोष राणा ने कहा कि कविता साहित्य और समाज का प्रतिबिंब है। उन्होंने मध्यप्रदेश को 'मित्र प्रदेश' बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भारत का चित्र, चरित्र और चिंतन आने वाले समय में विश्व स्तर पर सराहा जाएगा।



**विदिशा।** वरिष्ठ शायर निसार मालवी के ग़ज़ल संग्रह 'आमदा' का विमोचन किया।



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता से चर्चा करते हुए श्री राणा।

### अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस के सभी पार्षदों ने भी किए हैं हस्ताक्षर

## नपाध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को कांग्रेसियों ने अपना बताया

गुरुवार 18 सितंबर को नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेसी पार्षदों के शामिल होने पर पहले नोटिस दिए गए, लेकिन 24 घंटे बाद ही कांग्रेस संगठन ने यू टर्न लिया। कांग्रेस का कहना है कि यह अविश्वास प्रस्ताव हमारे पार्षदों की पहल पर लाया गया इसलिए अब तक उन पर कार्रवाई करने की जगह उन्हे शाबाशी दे रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि यह हमारे पार्षदों की बड़ी सफलता है कि भाजपा की गढ़ वाली नगरपालिका में भाजपा के बहुमत के बावजूद अविश्वास प्रस्ताव लाने में सफल हुए हैं।



**विदिशा।** प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि भाजपा द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया है बल्कि कांग्रेस के पार्षद और नेता प्रतिपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव की पहल की गई थी।

उन्होंने कहा कि हमने भाजपा पार्षदों का कोई समर्थन नहीं किया है, हमने जनता की समस्या को देखते हुए अविश्वास प्रस्ताव पारित किया है। इस दौरान पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, जिला कांग्रेस प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक निशंक जैन, आनंद प्रताप सिंह, महेंद्र वर्मा, आशीष माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद थे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर में सड़कों की हालत बहुत ही खराब हो चुकी है और अध्यक्ष द्वारा नगर की सड़कों के निर्माण की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नगरपालिका अध्यक्ष को हटाने के लिए उनकी पार्टी के पार्षद विरोध कर रहे हैं और ऐसे में केंद्रीय कृषि मंत्री और विदिशा सांसद इस मामले पर चुप्पी साधे बैठे हुए हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा कई निर्माण कार्यों में किए गए भ्रष्टाचार की जवाबदारी किसकी है इसका जवाब शिवराज सिंह चौहान जवाब दें। कांग्रेसियों ने कहा कि नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष मुकेश टंडन के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की एवं वर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की सत्यता पूर्वक जांच होनी चाहिए। जिससे आम जनता के पैसों का दुरूपयोग हुआ है। कांग्रेसियों ने कहा कि ऐसे कई निर्माण कार्य हैं जिनमें भ्रष्टाचार उजागर हुआ है जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं उसके पूरे दस्तावेज मौजूद हैं। इस विषय में भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी से बात करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### हवाई पट्टी के लिए दिए गए आवेदन पर किया कटाक्ष

प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा ने कहा कि विधायक द्वारा मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा में हवाई पट्टी डालने के लिए आवेदन दिया गया है उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विदिशा में हवाई पट्टी की जगह सबसे पहले नगर की सड़कों का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनता पर भारी भरकम टैक्स लगाए जा रहे हैं और नपा में भ्रष्टाचार कर जनता के टैक्स का बंटाधार किया जा रहा है।

## सड़कों पर अवैध तरीके से दौड़ रहे वाहनों पर 22 से होगी ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- अभियान का उद्देश्य नियमों का कड़ाई से पालन कराना है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिवहन विभाग कि बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में परिवहन विभाग प्रदेशभर में 22 सितम्बर से 2 सप्ताह तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाना तथा मोटरयान अधिनियम, नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है। जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान विदिशा जिले में भी वाहनों की व्यापक चेकिंग होगी। जांच में बिना बीमा, फिटनेस, पीयूसी एवं परमिट वाले वाहन एवं अग्निशमन प्रणाली रहित वाहन, फर्स्ट एड किट एवं रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप विहीन वाहन शामिल होंगे। ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट लेकर स्टेज कैरिज के रूप में चल रही यात्री बसों की भी जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। मोटरयान कर जमा न करने वाले वाहनों, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग और निर्धारित संख्या से अधिक यात्री ढोने जैसे मामलों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। परिवहन आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि स्कूल बसों की चेकिंग को प्राथमिकता दी जाए। नियम विरुद्ध संचालन करने पर चालकों के लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे।

## चार दिन से लापता व्यक्ति ग्राम लाड़पुर के जंगलों में मृत मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

### बुरी तरह शरीर हुआ क्षतिग्रस्त, मेडिकल कॉलेज में फोरेंसिक टीम ने किया पीएम।

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लाड़पुर में रहने वाले 40 वर्षीय व्यक्ति छतरसिंह लोधी चार दिन से गायब थे। थाने में गुमइंसान का मामला भी दर्ज कराया गया था। शाम को उनका सब लाड़पुर के जंगलों में मिला। शव बुरी तरह सड़ चुका था। कपड़ों से उसकी पहचान हो पाई। छतर सिंह की मृत्यु का कारण जानने के लिए शुक्रवार दोपहर 1 बजे मेडिकल कॉलेज में फॉरेंसिक टीम के द्वारा उसका पीएम कराया गया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

## आठ पेटी अवैध शराब और हुंडई कार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने आठ पेटी अवैध शराब और हुंडई कार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर बाईपास अहमदपुर रोड पर दबिश देकर पुलिस ने एक हुंडई कार को रोका। मौके पर 2 आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार



आरोपी बृजेश लोधी (28), निवासी चक पाटनी, ग्यारसपुर, अतुल शर्मा (23) निवासी ग्राम नादौर ग्यारसपुर के पास से देशी प्लेन शराब 8 पेटी जब्त की गई है।

### भवन निर्माण सामग्री चुराने वाले दो चोर धराए

**विदिशा।** भवन निर्माण सामग्री चोरी करते हुए रंगई गांव के पास भवन मालिक और काम कर रहे ठेकेदार ने दो चोर को दबोच लिया। भवन मालिक राहुल बैरागी ने बताया कि निर्माण सामग्री खुले में पड़ी हुई थी जो कई दिनों से चोरी हो रही थी। राहुल और उनके कर्मचारियों के साथ ठेकेदार के कर्मचारियों ने मिलकर दो चोरों को पकड़ लिया। इसके बाद डायल 112 को बुलाकर उन्हे पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं सिविल लाइन में दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत करने पहुंचे हैं। राहुल ने बताया कि 40 प्लेट चोरी हुई है, वहीं करीब डेढ़ लाख रुपए का सरिया भी चोरी हुआ है।

## गेहूंखेड़ी रोड पर पुलिया के पास से एक तस्कर गिरफ्तार, पांच किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई जा रही है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा को सूचना मिली थी कि एक युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर गेहूंखेड़ी रोड पुलिया की ओर



जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर उसमें से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजकुमार जाटव (35) निवासी पुरनपुरा गली नंबर-3, विदिशा के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### अब तक 480 ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा कैम्पों का आयोजन हुआ

**विदिशा।** जिले की समस्त 577 ग्राम पंचायतों में 30 सितम्बर तक ग्राम पंचायत स्तर पर जन सुरक्षा योजनाओं के लिए तीन माह का संतृप्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। लीड बैंक आफीसर भगवान सिंह बघेल ने बताया कि अब तक जिले की 480 ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाए जा चुके हैं। इन शिविरों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 19 हजार 700 प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना में 27 हजार 204 अटल पेंशन योजना में 6 हजार 401 और प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 3 हजार 387 खातों का पंजीयन किया गया है।

### मंदिर के पत्थर को रासायनिक विधि से साफ कर पुनः स्थापित किया जा रहा

## सूर्य मंदिर का जीर्णोद्धार प्रारंभ, मिलेगा नया जीवन

### 7 मीटर ऊंचा मंदिर परमार और प्रतिहार शैली को प्रदर्शित करता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए विख्यात ग्यारसपुर की पहचान माने जाने वाले बाजरा मठ (सूर्य मंदिर) का जीर्णोद्धार कार्य भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है।

लगभग दसवीं सदी में निर्मित यह मंदिर अपनी अद्वितीय शिल्पकला और प्राचीन विरासत के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर उड़ीसा के कोणार्क सूर्य मंदिर का समकालीन माना जाता है। मुख्यद्वार पर सात घोड़ों पर सवार सूर्य भगवान की भव्य प्रतिमा है, जिनके दोनों ओर गंगा और यमुना की प्रतिमाएं विद्यमान हैं।

मंदिर की पिछली दीवारों पर भगवान विष्णु के वराह, वामन और नरसिंह अवतार के साथ ही कार्तिकेय, गणेश, योग नारायण और सूर्य देव की कलात्मक मूर्तियां अंकित हैं। लगभग 7 मीटर ऊंचा यह मंदिर परमार और प्रतिहार शैली की झलक पेश करता है। इतिहासकारों के अनुसार, मंदिर के गर्भगृहों में प्रारंभ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश की मूर्तियां विराजमान थीं, जिसका उल्लेख शिलालेखों में मिलता है। समय के साथ यहां जैन तीर्थंकरों की मूर्तियां भी स्थापित की गईं। पुरातत्व विभाग द्वारा मंदिर के कायाकल्प हेतु प्रत्येक पत्थर को मार्किंग कर जमीन पर उतारकर रासायनिक विधि से साफ कर पुनः स्थापित किया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद यह प्राचीन धरोहर अपने मूल स्वरूप में पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। ग्यारसपुर की ऐतिहासिक पहचान बाजरा मठ सूर्य मंदिर का यह कायाकल्प क्षेत्रीय गौरव और पर्यटन विकास में नया अध्याय जोड़ेगा।



## भाजपाईयों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा के आस-पास झाड़ू लगाकर कराई सफाई

**विदिशा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज रोड स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा एवं उसके आसपास की झाड़ू लगाकर एवं प्रतिमा की जल द्वारा साफ-सफाई की गई। विधायक मुकेश टंडन ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा सेवा ही धर्म है। शहर को साफ स्वच्छ बनाना है। कार्यक्रम में दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, वेत्रवती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री राजकुमार राय, छत्रपाल शर्मा, सूरज किरार, सुनील साहू आदि मौजूद रहे।



## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3298
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2772
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2480
उच्चतम भाव- 2490
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5600
मसूर
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-8420
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव- 3220
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4534
सरसों
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7910
मूंग
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव- 7470
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-2825
धनिया
न्यूनतम भाव-6750
उच्चतम भाव- 6800
बटरी
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव- 3135

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 5970 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## स्टेशन पर बाबा की निर्मम हत्या का जीआरपी पुलिस ने किया खुलासा

# शराब पीने पर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने की थी बाबा की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर मनोज विश्वकर्मा उर्फ बाबा की निर्मम हत्या के आरोपियों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू सहित आरोपियों की बुलट बाइक भी जब्त की है। यह हत्या सिर्फ शराब पीने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद की गई थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। उक्त जानकारी जीआरपी चौकी में पत्रकार वार्ता आयोजित कर डीएसपी रामस्नेही चौहान एवं टीआई महेन्द्र शाक्य ने देते हुए घटना का विवरण बताया।

यहां उल्लेखनीय है कि गत 13-14 सितम्बर की दरम्यानी रात रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर अजात व्यक्ति (बाबा) की अज्ञात आरोपियों द्वारा चाकू मार कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल राहुल कुमार लोढा के निर्देशन में, अति पुलिस अधीक्षक नीतू डाबर के मार्गदर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक रेल रामस्नेही चौहान के नेतृत्व में जीआरपी थाना विदिशा की एक टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा अज्ञात मृतक की शिनाख्त मनोज विश्वकर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी फ्री गंज स्कूल के पीछे के रूप में की गई। जांच में पता चला कि मनोज के पिता का काफी समय पहले निधन हो गया था और उसके भाई ने भी आत्महत्या कर ली थी। कोरोना काल के बाद उसकी बहन की शादी भोपाल में होने के बाद उसकी मां भी वहीं रहने लगी थी।

यहां मनोज अकेला रहता था और कुछ समय तक ऑटो चलाकर जीवन यापन करता रहा। बाद में मथुरा वृंदावन में रहा और वहां से बाबा का वेश धारण कर यहां रहने लगा। वह रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ही घूमता रहता था और नशे की गतिविधियों में लिप्त था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज का अकलोकन कर एवं मुखबिर सूचना तंत्र से आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों में मनीष कुशवाह उर्फ ब्लेडर 31 वर्ष निवासी ईदगाह रोड गंजबासौदा, अंकित उर्फ अनिकेत रघुवंशी 21 वर्ष निवासी भिदवासन हाल मुकाम खरपरी, अंशुल कुशवाह 20 वर्ष निवासी ग्राम खरपरी, अभिषेक परिहार 23 वर्ष निवासी खरपरी शामिल हैं।

डीएसपी रामस्नेही चौहान ने बताया कि गत 13 सितंबर की रात मनीष उर्फ ब्लैडर रेलवे स्टेशन परिसर में शराब पी रहा था, तभी मनोज उर्फ बाबा ने उससे शराब मांगी और इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिस पर बाबा ने मनीष को वहां से भगा दिया। इसके बाद देर रात करीब डेढ बजे अंकित, अंशुल और अभिषेक तीनों रेलवे स्टेशन परिसर में शराब पी रहे थे। तब वहां मनीष भी पहुंच गया और उनके साथ शराब पीने लगा। इस बीच बाबा फिर वहां आ गया और शराब मांगने लगा। साथ ही उसने मनीष को फिर से वहां से भगा दिया। बाद में मनीष फिर से तीनों के पास आया और बाबा को सबक सिखाने की बात कहने लगा। जिस पर तीनों युवकों ने भी उसका साथ देने की बात कही।

इसके बाद चारों रेलवे प्लेटफार्म पर पहुंचे, जहां बाबा एक बेंच पर सो रहा था। तीनों युवकों ने बाबा को घेर लिया और मनीष उर्फ ब्लेडर ने चाकू से कई वार कर बाबा की हत्या कर दी और वहां से भाग निकले। पुलिस ने बताया कि मनीष उर्फ ब्लेडर आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ मामले भी दर्ज हैं, वहीं अंकित रघुवंशी बैहलोट बायपास पर फोकस फोटोग्राफी स्टूडियो चलाता है। अंशुल खेती बाडी करता है और खरपरी में अपने मामा के घर रहता है। जबकि अभिषेक अपने भाई के साथ लाल बिल्डिंग के सामने चाऊमिन शॉप चलाता है। घटना के पहले तीनों गांव से अंकित की बुलट से यहां शराब पीने और खाना खाने आए थे और मनीष उर्फ ब्लेडर के साथ यह वारदात कर दी। इस कार्रवाई में जीआरपी टीआई महेन्द्र शाक्य, सउनि बलवंत सल्लाम, प्रआर मोहन पटेल, सुनील सिंह, छतर सिंह, आर दर्शन तिवारी, उदयवीर, सौरभ श्रीवास्तव, राघवेन्द्र सिंह, अजय वर्मा सायबर सेल की विशेष भूमिका रही।

## विद्यार्थियों ने जैविक खेती को लेकर निकाली जागरुकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जैविक खेती के संबंध में एसजीएस कॉलेज में जागरूकता रैली का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी डॉ आरडी जाटव एवं डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ. एलएन दुबे के द्वारा किया गया। प्रारंभ में प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार द्वारा जैविक खेती की महती आवश्यकता और उसके महत्व के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। डॉ. सरिता घेंघट द्वारा जैविक खेती के प्रमुख तत्वों के बारे में जानकारी दी गई एवं डॉ. आर डी जाटव ने जैविक खेती की प्रमुख विशेषताओं और मृदा की उर्वरकता को कैसे बढ़ाया जाए के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 80 छात्र, छात्राओं ने रैली में भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर सुमनलता गुप्ता, डॉक्टर बीके प्रजापति एवं डॉक्टर हरिनारायण उपस्थित रहे।

## त्योंदा थाने में शांति समिति की बैठक में दिए दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी हिन्दू त्यौहार श्री नवदुर्गा उत्सव एवं दशहरा रावण दहन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को शाम के समय त्योंदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें तहसीलदार ऋतु राय एवं थाना प्रभारी त्योंदा बबीता सिंह चौधरी की उपस्थिति में त्योंदा एवं आसपास के ग्रामों के गणमान्य ग्रामीण, हिन्दू एवं मुस्लिम संगठन, डीजे संचालक, मूर्तिकार, राजनीतिक दलों के प्रमुख पदाधिकारी एवं पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक में थाना प्रभारी त्योंदा द्वारा श्री नवदुर्गा उत्सव के प्रारंभ होने से लेकर मूर्ति विसर्जन तक की सुरक्षा व्यवस्था, विसर्जन घाट पर आवश्यक व्यवस्थाओं तथा दशहरा पर रावण दहन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। तहसीलदार द्वारा उत्सव के दौरान शासन द्वारा जारी किए गए आदेशों से अवगत कराया गया।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

गंजबासौदा। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 3 के पास गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिला। युवक की पहचान बमोरी टांका निवासी 21 वर्षीय गोलू यादव के रूप में हुई है। जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्ट मार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का माना आभार

गंजबासौदा। अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद परिषद की केंद्रीय समिति के अनुमोदन पर नगर के कायस्थ समाज नगर अध्यक्ष महेश नारायण श्रीवास्तव को सेवा निवृत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं परिषद के महासचिव राजेश सक्सेना को बनाए जाने पर अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन कुमार श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रतुल भटनागर, प्रदेश अध्यक्ष विनोद सक्सेना एवं अखिल भारतीय महापरिषद के सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में अनेक समाजबंधु शामिल हैं।

## कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया मंडी का भ्रमण



गंजबासौदा। कृषि महाविद्यालय के बी.एससी. ऑनर्स कृषि के विद्यार्थियों ने डॉ. विनोद कुमार गर्ग अधिष्ठाता के निर्देशन में एवं डॉ. रामफूल अहिरवार के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी समिति का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कृषि विपणन, व्यापार एवं कीमतें के प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत अनाज की बिक्री की ऑक्शन विधि, किसानों एवं व्यापारियों से लिए जाने वाले विभिन्न शुल्क की जानकारी, ई मंडी, प्रतिदिन आने वाली आवक एवं कीमतें, आवक की तुलाई एवं अनाज की खरीदी के लाइसेंस की प्रक्रिया से विद्यार्थियों को शंभू सिंह रघुवंशी एवं राकेश कुमार ने अवगत कराया। कृषि उपज मंडी समिति के सचिव सोहनलाल ने विद्यार्थियों को मंडी की अन्य गतिविधियों से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्रीति चौहान उपस्थित रहीं।

### मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

त्योंदा। ग्राम उकायला के अनेक किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम त्योंदा तहसीलदार ऋतु राय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि अति वर्षा के कारण सोयाबीन, उड़द की फसल शत प्रतिशत नष्ट हो गई है। लगातार अत्यधिक वर्षा से खेतों में जल भराव रहने से फसलें गल गई हैं। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में तत्काल सर्वे कराए जाने की मांग की गई। राजस्व दल द्वारा शीघ्र सर्वे कराए जाने एवं किसानों को शासन की ओर से निर्धारित मुआवजा राशि प्रदान करवाने की मांग की गई।

## स्वास्थ्य जीवन के लिए तन-मन के प्रति जागरुक रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





मानस भवन में सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के तत्वावधान में एम्स भोपाल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एम्स भोपाल से 30 से ज्यादा विशेषज्ञ चिकित्सक, पैथालॉजी एवं पैरामेडिकल स्टाफ, स्त्री रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। जिन्होंने गंभीर बीमारियों शुगर, बीपी, थायराइड, सायटिका, लकवा सहित अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों की जांच कर उपचार किया। इस दौरान एम्स भोपाल डीन एकेडेमिक मेडीसिन के एचओडी प्रोफेसर डॉ. रजनीश जोशी, प्रोफेसर डॉक्टर सौरभ सहगल, न्यूरो सर्जन प्रोफेसर डॉ. आदेश श्रवास्तव के नेतृत्व में मेगा कैम्प का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की ओर से डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, काउंसलर इंजीनियर संघमित्रा यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, ब्रजेश यादव, शिवम यादव ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी, समाजसेवी कांति भाई शाह, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, राजेश तिवारी, सौदान सिंह यादव, बीएमओ डॉ. प्रमेन्द्र तिवारी सहित एम्स भोपाल के डॉक्टरों एवं पैरामेडीकल स्टाफ को प्रशस्ति पत्र एवं शाल श्रीफल प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर डीन एकेडेमिक एचओडी डॉ रजनीश जोशी ने नागरिकों और स्कूल के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए शरीर के प्रति जागरूकता और योग-व्यायाम जरूरी है। न्यूरो सर्जन प्रोफेसर डॉ. आदेश श्रीवास्तव ने तन के साथ मन की स्वच्छता पर बल दिया। वहीं डॉक्टर सौरभ सहगल ने बताया कि बीमार व्यक्ति के इलाज में तीन स्तर पर काम होता है। सर्व प्रथम खुद मरीज की इच्छा शक्ति, परिजनों का सहयोग और चिकित्सकों का उपचार और व्यवहार महत्वपूर्ण होता है। मालूम हो कि भोपाल के द्वारा विशेष प्रोजेक्ट के तहत 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शिविर आयोजित किया जाना था, जिसे सैण्ट एसआरएस स्कूल द्वारा आयोजित करवाया गया। शिविर में मेडिसिन, स्त्री रोग, आयुष सहित अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए काउंटर लगाए गए। जिसमें एम्स भोपाल के डॉक्टर दानिश जावेद, डॉक्टर आस्था यादव, डॉक्टर गीता भारद्वाज, डॉ. राजेश सक्सेना, डॉ. चित्रा, डॉ. प्रिया सिंह, डॉ. उमर पटेल, डॉ स्वाति ठाकुर, डॉ. रचना पाराशर, डॉ. रितु, डॉ. सागर, डॉ. एंथोनी, डॉ. रेखा जीवाने, डॉ. ऋषभ सुराणा, डॉ. चरण तेज सहित अन्य चिकित्सकों ने गंभीर बीमारियों के मरीजों को उचित परामर्श दिया। शुगर बीपी की मौके पर जांच की गई, वहीं अन्य जांचें शासकीय जन चिकित्सालय से कराई गईं। इस दौरान पूर्व विधायक निशंक जैन, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सेना, गोविंद नायक, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेंद्र बाजोरिया, राजेश माथुर, डॉक्टर अतुल जैन, सूरज सूर्यवंशी सहित स्कूल का शिक्षक परिवार मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन दिनकर कद्रे ने तथा आभार प्राचार्य उमेश चन्द्र यादव ने व्यक्त किया।

### तीन दिवसीय आयुर्वेद परामर्श शिविर आज से शुरू

गंज बासौदा। संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की प्रेरणा एवं आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के आशीर्वाद से संचालित निर्यापक श्रमण मुनिश्री 108 संभव सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन 20,21,22 सितम्बर को मूलीबाई मेहता धर्मशाला में किया जा रहा है। शिविर में पूर्णायु आयुर्वेद अनुसंधान विद्यापीठ के वरिष्ठ अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सक अपनी सेवायें प्रदान करेंगे। जिसमें, आयुर्वेद, योगा, प्राणायाम, पंचकर्म द्वारा उपचार एवं जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, साईटिका, त्वचा रोग, लिवर रोग, किडनी रोग, डायबिटीज, पेट संबंधी बीमारी, माईग्रेन, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, अनिद्रा आदि तथा मस्सा एवं चाई का तुरंत उपचार वहीं लीच थैरेपी एवं रक्त मोक्षण द्वारा चर्म रोगों एवं जोड़ों के दर्द का उपचार किया जायेगा। उक्त जानकारी शिविर आयोजक श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति द्वारा दी गई।




## कई गांवों में हुआ कार्यक्रम, महिलाओं, युवतियों को दी जानकारी

# स्वास्थ्य एवं जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन संगठन द्वारा बाल मित्र ग्राम चौरावर, जरोदपुरा, पड़रिया, साहबा और ककरावदा आदिवासी टपरा के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी प्रदान करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आहार पिरामिड के माध्यम से बताया गया कि किन खाद्य पदार्थों का सेवन भरपूर मात्रा में करना चाहिए, किन्हें संतुलित रूप से लेना चाहिए और किन्हें सीमित रखना आवश्यक है। बच्चों को विशेष रूप से जंक फूड और हेल्दी फूड के बीच का अंतर समझाया गया तथा अधिक नमक, तेल और शक्कर वाले खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता दी गई, जिसमें मौसमी बीमारियों से बचाव, साफ-सफाई और पीने के पानी की स्वच्छता पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं के लिए माहवारी स्वच्छता पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें उन्हें माहवारी से जुड़े मिथकों और भ्रांतियों के बारे में सही जानकारी दी गई। सेनेटरी पैड के सुरक्षित उपयोग और निस्तारण की विधि समझाई गई। सभी बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए और उन्हें सलाह दी गई कि यात्रा या बाहर निकलते समय हमेशा पैड अपने साथ रखें। इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाएँ, किशोरी बालिकाएँ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन की टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान उपयोगी जानकारियाँ साझा की गईं और प्रतिभागियों को बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

### यातायात पुलिस ने किया जुर्माना



गंजबासौदा। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जय स्तंभ चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर बैठी ओवर लोड तीन सवारी, बगैर नंबर प्लेट के वाहन, ओवरलोड सवारी ऑटो, बगैर सीट बेल्ट लगाए एवं मोबाइल पर बात करते वाहनों को रोककर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जिन्हे न पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान दो बाइक , 6 ऑटो, 2 चार पहिया वाहन सहित 10 वाहन चालकों से 3200 का जुर्माना वसूल किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रहा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



देवनगरी बेहलोट ग्राम में 15 से 21 सितंबर तक पितृ मोक्ष के लिए श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए पहुंच रहे हैं। कथा के चौथे दिन कान्हा जी का जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही कथा व्यास पंडित गिरजेश मिश्रा का सम्मान किया गया। कथा की मुख्य यजमान समाज सेविका रंजिता सिंह राजपूत ने बताया कि इस सम्मान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षत्राणी और यादव समाज की बहनें उपस्थित थीं। यहां उल्लेखनीय है कि सर्व समाज को हर उत्सव मिलजुल कर मनाना चाहिए। इसी श्रृंखला में सभी बहनों ने मिलकर व्यासपीठ पर विराजमान पंडित गिरजेश मिश्रा को तलवार भेंट की साथ ही प्रतीक राजपूत करणी सेना द्वारा साफा बांध कर सम्मान किया गया। कथा वाचक को तलवार भेंट करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि आज शास्त्र के साथ अस्त्र शस्त्र की भी आवश्यकता है। क्योंकि हमारे सभी भगवानों के हाथ में कोई ना कोई शस्त्र सुशोभित है। इसीलिए परशुराम के वंशज कथा वाचक को सभी बहनों ने तलवार भेंट की। पंडित गिरजेश मिश्रा धर्म के प्रति रुचि बढ़ाते हैं लोगों को व्यसन से मुक्त रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर अनीता सिंह, प्रभा राजपूत, अंजू यादव, ऋतु यादव, सुनीता चौहान, शक्ति परमार, मोना सोलंकी, अंजिलि भदौरिया, रंजू राठौर, रंजीता सिंह, चौहान, कीर्ति शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।




### फसल पर प्रकृति की मार: समय से पहले हरी फसल के पत्ते पीले हो गए

# लगातार वर्षा का असर: फलियों में ही अंकुरित होने लगा है सोयाबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के चलते जहां सोयाबीन की फसल 60 प्रतिशत गल चुकी है, तो दो माह में फलने वाले बीज की करीब 25 प्रतिशत फसल में फलियां आने के बाद उनके बीज खेतों में ही अंकुरित होने लगे हैं। जबकि अफलन की स्थिति भी होने से पूरी सोयाबीन की फसलें बर्बादी की कगार पर पहुंच गई हैं। हालत यह है कि सोयाबीन की फलियां सड़कर गिर रही हैं। खेतों में ही खड़ी फसल के हरे दाने अंकुरित होकर फलियों से बाहर निकल आए हैं। यही नहीं समय से पहले ही हरी फसल के पत्ते पीले हो गए। किसानों ने बताया कि अफलन और अतिवृष्टि के कारण पूरी सोयाबीन फसल नष्ट हो गई है।

उल्लेखनीय है कि इस इस समय किसान अपने खेतों में उड़द की फसल को समेटने में जुटे थे,लेकिन विगत दिनों पूर्व हुई बारिश से खेतों में कटी पड़ी उड़द की फसल पूरी तरह से खराब हो गई। शुक्रवार को जरूर दिनभर बर्षा नहीं हुई मगर बादलों की लुकाछिपी का दौर जारी रहा। किसान जब खेतों में पहुंचे और देखा तो कटी पड़ी उड़द की फसल पूरी तरह से खराब हो गई। ग्राम कमरिया के किसान कमलेश कुशवाह बताया कि उन्होने



विगत दिनो पूर्व ही दो बीघा में खड़ी उड़द की फसल मजदूरों से कटवाई थी,लेकिन बर्षा होने से खेत में कटी पड़ी उड़द की पूरी फसल खराब हो गई। वहीं सोयाबीन की फसल मे भी फलियों में ही अंकुरित होने लगा है। जिससे अब किसानों को दोनो फसलों में काफी नुकसान हो गया है। वहीं ग्राम मुबारकपुर के किसान इंदर सिंह कुशवाह ने बताया कि इस बर्षा से उनकी खेत मे कटी पड़ी उड़द की फसल बर्वाद हो गई। जिससे उधार लेकर मजदूरों को कटाई के पैसे दिए थे,अब उसको वापिस देने के



लिए परेशानी खड़ी हो गई।

### खराब फसल से बाजार की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर

खरीफ फसल खराब होने का असर बाजार की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। सोयाबीन उत्पादन नहीं होने के कारण किसानों के हाथ में पैसे नहीं आएंगे और वे मार्केट में खरीदी नहीं कर सकेंगे। उधारी में कृषि सामान खरीदी करने वाले किसान इस सीजन में भी भुगतान नहीं कर सकेंगे। इसके कारण किसानों को ज्यादा ब्याज सहित राशि चुकाना पड़ेगी। ग्राम बेंदीगढ के किसान विजय सिंह कुशवाह ने बताया कि खेतों से पानी की निकासी नहीं होने के कारण सोयाबीन के पौधे गल गए है वहीं अफलन की स्थिति भी बनी हुई है। सरकार को सर्वे कर मुआवजा राशि जल्द देना चाहिए ताकि किसान उबर सके।

# सागर लोकसभा क्षेत्र में सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने सांसद के सतत प्रयास जारी

### सिरोंज क्षेत्र के 73 ग्रामो में शीघ्र पहुंचेगी सड़क सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की जीवनरेखा मानी जाती है। जहाँ बेहतर सड़कें होती हैं वहाँ न केवल नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ आसानी से उपलब्ध होती हैं बल्कि शिक्षा,स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार जैसी गतिविधियों को भी गति मिलती है।

इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सिरोंज-सागर लोकसभा क्षेत्र की सांसद डॉ. लता गुड्डु वानखेडे लगातार यह प्रयास कर रहीं हैं कि उनके संसदीय क्षेत्र के सड़क विहीन गांव,मजरा-टोलो तक मजबूत सड़क संपर्क स्थापित हो सके। क्योंकि यदि गाँव-गाँव तक सड़क संपर्क हो तो ग्रामीण भी शहरी नागरिकों की तरह सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। किसान अपनी उपज को आसानी से मंडियों तक पहुँचा सकते हैं,बच्चे और युवा शिक्षा संस्थानों तक बिना कठिनाई पहुँच सकते हैं,वहीं आपात स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी समय पर मिल सकता है। इसी उद्देश्य से सांसद डॉ वानखेड़े द्वारा लगातार प्रधानमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना के अंतर्गत नए प्रस्ताव तैयार कर उन्हें स्वीकृति दिलाने का प्रयास कर रही हैं, इसी क्रम में सांसद डॉ लता वानखेड़े द्वारा विदिशा जिले के सड़क संपर्क विहीन गांवों, मजरा-टोलों में सड़क सुविधा के विस्तार की योजना लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विदिशा जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र शमशाबाद में 67, सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में 167 और कुरवाई विधानसभा क्षेत्र में 37 ग्राम,मजरा टोला में प्रधानमंत्री सड़क संपर्क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराया जाना है और इसकी बावजूद जो ग्राम या मजरा टोला शेष बचेंगे उनका अलग से प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृत करने की लगातार प्रयास किए जाएंगे ताकि आम नागरिकों को आवागमन की सुविधा मिल सके। जो सड़कों के प्रस्ताव अंतिम चरण में स्वीकृति हेतु शेष हैं उनकी जानकारी विधानसभावार देखी जाए तो शमशाबाद विधानसभा जिसमें विदिशा और नटेरन दो ब्लॉक आते हैं उनमें विदिशा ब्लॉक में 02 और नटेरन ब्लॉक में 65, सिरोंज विधानसभा जिसमें सिरोंज ब्लॉक में 73 और लटेरी ब्लॉक में 94 तथा कुरवाई विधानसभा के कुरवाई ब्लॉक में 31 और बासोदा ब्लॉक में 06 स्थानो पर सड़कों के निर्माण के स्वीकृत की कार्यवाही अंतिम चरणों में है। स्वीकृत होने वाली सड़कों का सिरोंज विधानसभा के सिरोंज ब्लॉक में सबदलपुर, मुडरा बागल,यूसुफपुर, आनधेला, ग्वारी, सेमरा ,मुड़िया बंजारा टपरा, डोंगरी कुमहरयाऊ, बंजारे टपरे, विशेपुर,कंदरा खेड़ी, हबीबगंज, सारंगपुर, पठेरा, रामप्रसाद टपेर, चकना, मजरा चक्का बरखेरी, कांजीवाले टपरे, पारदीपुरा, धर्मपुर, कंदपुरा, मजरा झावे टपरे, रूसल्ली घाट टपरा, अनुसूचित जाति मुंडी बस्ती, गुमान बंजारे टपरा, कुशवाहा बस्ती सिद्आश्रम, मुज्जरफरगढ़, महाराजखेड़ी, ईटनपुर, पचंमढ़ी, खूबपुरा, टपरा काछी, खानपुर, महुआखेड़ा टपरे, बजरंग टपरा, सुमेरपुर, बंदे टपरे, उमरिया, रामनगर, जलालपुर, मजरा झोवे, खिल्ली टपरे, भैरोंघाटी, सांकला हवेली टपरा, मातामूंडरा अनुसूचित जाति बस्तीट, तिलियाहार, नायक टपरा अजीमाबाद, छीपीखेड़ी, नायक टपरा पेकोली, कल्याणपुर, गंगाबस्ती, कुशवाहा बस्ती, नाऊखेड़ा, बंजारा टपरा, तिनस्याई बस्ती, पटपरा बस्तीं, सौंठार, केवट बस्तीत पेकोली, आशा बंजारा टपरा, बगडापुरा, नकटा टपरा, सिंधी नगर, घुरकों, अमरापुरा टपरा, हजारी टपरा, बजरंग टपरा, अनुसूचित जाति टपरा, राजपूत मोहल्ला , कारीगर टपरे, साटया टपरा, सैदपुर कांलोनी, सूरजगनर, पोराखार टपरा, कुशवाह मुहल्ला, दामखेड़ा, हिनोतिया आदि शामिल है।

# वर्तमान समय में रोजगार का रास्ता स्व रोजगार से होकर निकलता है: डॉ जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

प्रधानमंत्री कॉलेज का शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया, सागर मध्य प्रदेश के स्वामी विवेकानंद के लिए मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया, यह कार्यक्रम 12 अगस्त से 18 सितंबर तक संचालित किया गया। समापन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए सी जैन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल डॉ. अमर कुमार जैन एवं जिला रोजगार अधिकारी अंगूरी ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई सरस्वती वंदना से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम प्रभारी आर सी प्रजापति में प्रशिक्षण का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम स्नातक द्वितीय तृतीय एवं स्नातकोत्तर के चयनित 50 विद्यार्थियों ने सफलता पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया इसके पश्चात प्रतिभा मौर्य, ऋषिका तिवारी, ऋषि राज दागी कुंती, रजक प्रद्युम्न दुबे ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से न केवल संचार कौशल, औपचारिक पहनावा, कंप्यूटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा में आने वाली मैथ्स रीजनिंग, एप्टीट्यूड रीजनिंग ,एनालिटिकल रीजनिंग, मैथ मेटिकल एप्टीट्यूड तथा मॉक इंटरव्यू जैसी सत्र आयोजित किए गए।

# रक्तदान से जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है : हीरा सिंह राजपूत


**सागर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सुरखी विधानसभा के जैसीनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत जैसीनगर में आयोजित रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री ने देश को हर कड़ी में अग्रणी बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश को सेवा समर्पण और लोक कल्याण की दिशा में आगे बढ़ाया है। उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व से सीख लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समाज हित के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आगे कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है बल्कि युवा पीढ़ी को भी समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने रक्तदान को सर्वोत्तम दान बताते हुए कहा कि यह अभियान मोदी जी के जन्मदिन को सार्थक बनाने के साथ-साथ सेवा पखवाड़े की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा किए गए रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

## उन्नत अनुसंधान केंद्र में कार्यशाला का किया गया आयोजन



**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में, उन्नत अनुसंधान केंद्र के द्वारा कन्फोकल लेजर स्कैनिंग माइक्रोस्कोप पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रषिक्षण में कुल 30 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक, प्रोफेसर श्वेता यादव की पहल पर सीएआर में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। डॉ. विवेक कुमार पांडे (प्रभारी, सीएआर) ने सीएआर के संक्षिप्त परिचय के साथ सत्र की शुरुआत की और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। व्याख्यान सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. प्रियोनील बासु के द्वारा बताया गया कि सीएलएसएम महत्वपूर्ण इमेजिंग तकनीक है, जिसका उपयोग जीवविज्ञान, नैनोटेक्नोलॉजी और मटेरियल साइंस जैसे क्षेत्रों में किया जाता है। पारंपरिक लाइट माइक्रोस्कोप की तुलना में सीएलएसएम, लेजर लाइट और पिनहोल का उपयोग करके केवल एक बिंदु पर ध्यान केंद्रित करता है।

# देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्यारसपुर में नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें ग्यारसपुर नगर सहित आसपास के गांव में झांकियां स्थापित होंगी।

ग्यारसपुर नगर में लगभग 22 प्रतिमाएं प्रति वर्ष स्थापित की जाती है वहीं आसपास के गांव में भी श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में ग्यारसपुर में झांकियां को लेने के लिए पहुंचते हैं । मूर्तिकार मां दुर्गा के प्रतिमाओ को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं, मूर्तिकार यशवंत प्रजापति और कैलाश प्रजापति से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस वर्ष मूर्तियों में उपयोग में आने वाली सामग्री जिसमें मूर्तियों का श्रृंगार कपड़े ,मुकुट, बांस ,सूतली , मिट्टी, रंग रोगन आदि की कीमत 10 से 20% महंगी मिली है जिससे मूर्तियों का खर्च अधिक आ रहा है। कैलाश प्रजापति ने बताया है कि सबसे कम कीमत 3000 और सबसे अधिक 8000 माता की भेंट रखी है, उन्होंने बताया है कि ऑर्डर पर ही झांकियां का निर्माण किया जाता है।

तीन माह से झांकियां का निर्माण करने में दिन रात जुटे हुए हैं। इस वर्ष लगातार बारिश होने से झांकियां को सुखाने में काफी दिक्कत हुई। नगर में जगह-जगह झांकियां के लिए पंडाल सजने लगे हैं।

### मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार भू अभिलेख की अधीक्षक सविता पटेल ने बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें टीएसएम और रोवर से सीमांकन, फॉर्मर रजिस्ट्री और अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती पटेल ने बताया कि जिले के समस्त राजस्व निरीक्षक एवं जूनियर डाटा एंट्री ऑपरेटर की मासिक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई थी। जिला भू-अभिलेख कार्यालय विदिशा में संपन्न हुई बैठक में राजस्व निरीक्षक,जेडीओ उपस्थित रहे। मासिक समीक्षा बैठक में जिन बिंदुओं के क्रियान्वयन कार्यों की समीक्षा की गई है। जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत रिकॉर्ड दुरूस्ती एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही इत्यादि की गहन समीक्षा की गई है।

# केंद्र सरकार की योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मेरा युवा भारत, विदिशा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन गत दिवस किया गया था।

कार्यशाला में हितग्राहियों को लाभांवित कराने की पहल करने पर बल दिया गया है। एसएटीआई में आयोजित कार्यशाला का विधिवत शुभांरभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

श्रीमती आकांक्षा महावरिया ने आयोजन के उद्धेश्यों को रेखांकित करते हुए मेरा युवा भारत पोर्टल (एम वाय भारत पोर्टल) एवं कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पंकज जैन ने अपने उद्बोधन में युवाओं को प्रेरित किया और केंद्र तथा मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी सांझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेव्हीवाय), स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) जैसी योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान हेतु सशक्त कर रही हैं।

# सर्वश्रेष्ठ है मनुष्य जीवन: आचार्य प्रियंका शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

84 लाख भोग योनियों में भटकने के पश्चात कर्म योनि प्राप्त होती है, जिसे मनुष्य योनि कहते हैं। आत्म कल्याण एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए 'मनुष्य जीवन ही सर्वश्रेष्ठ है।

मनुष्य जीवन में भी दुःखों का सामना करना पड़ता है, किंतु योग साधना और सद्मार्ग पर चलते हुए मनुष्य जीवन को दुःखों से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। मनुष्य योनि कर्म योनि है, कर्म मनुष्य को फल दिए बिना नहीं रहता, वह उसका पीछा करते हुए अच्छे या बुरे कर्मो का फल अवष्य देता है। यह विचार यहां आर्य समाज मन्दिर कुरवाई में चल रहे प्रवचन एवं हवन सत्संग के कार्यक्रम में राजस्थान के रोजड गुरूकुल से पधारी वैदिक धर्म की प्रवक्ता आचार्य प्रियंका शास्त्री ने व्यक्त किए। भजन एवं प्रवचनों का यह आयोजन आगामी 21 सितम्बर चक चलेगा, जिसमें वैदिक परिवारों में हवन यज्ञ एवं प्रवचन के कार्यक्रम चल रहे हैं।

राजस्थान के रोजड गुरूकुल से यहां पधारी वैदिक विद्वान एवं भजनोंपदेशक आचार्य प्रियंका शास्त्री के सानिध्य में प्रथम दिवस का हवन यज्ञ कार्यक्रम अधिवक्ता ओमप्रकाश आर्य एवं सूर्यप्रकाश आर्य के निवास पर हुआ, द्वितीए दिवस का प्रातःकालीन कार्यक्रम समाजसेवी जितेन्द्र साहू के भवन में तथा तृतीय दिवस का कार्यक्रम राकेश प्रजापति के भवन में आयोजित किया गया। आयोजन के अंतर्गत सांयकाल 8 बजे से 10 बजे तक वैदिक विद्वानों के प्रवचन एवं



भजन सत्संग का कार्यक्रम आर्य समाज मन्दिर कुरवाई में चल रहा है। आर्य समाज कुरवाई संरक्षकगण विशंभरदयाल सिंघल, जगमोहन लाल भावसार, नर्मदाप्रसाद चौरसिया, सोहनपाल सिंह राणा, मध्यभारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के उपमंत्री अधिवक्ता ओमप्रकाश आर्य, समाज कुरवाई के अध्यक्ष कमलेष साहू, मंत्री सूर्यप्रकाश आर्य के द्वारा सभी धर्मप्रेमीजन से आयोजन का लाभ लेने का आव्हान किया गया।

# नरवाई प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने जिले में नरवाई नहीं जलाने की मूल अवधारणा से किसान बंधुओं को अवगत कराने के उद्धेश्य से सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विभाग के माध्यम से नरवाई प्रबंधन पर जनजागरूकता के संदेश सम्प्रेषण हेतु विशेष पहल की जा रही है इसके लिए बकायदा कार्यक्रम जारी किया गया है और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के सातों विकासखंडों के औसतन दस-दस ग्रामों में एक साथ नरवाई प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक श्री खपेड़िया ने बताया कि नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभावो जिसमें पर्यावरण व उपजाऊ मिट्टी की मौलिकता में होने वाले क्षरण के साथ-साथ अप्रत्याशित अग्नि दुर्घटनाएं घटित होने से रोकने के प्रति जिले में विशेष तौर पर पहल की जा रही है। नटेरन तहसीलदार आनंद जैन ने बताया कि नरवाई प्रबंधन के तहत तहसील के ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया गया था। ग्राम पंचायत जोहद में आयोजित शिविर का जायजा उनके द्वारा लिया गया है।

### प्रतियोगिता के लिए पंजीयन लिंक 24 तक उपलब्ध

**विदिशा।** जिले में नशामुक्त भारत जनजागरूकता संदेशों के सम्प्रेषण हेतु विशेष पहल की जा रही है। जिसके तहत वाद विवाद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता के अलावा अन्य विधाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत सायक्लोथॉन का आयोजन 28 सितम्बर को किया जा रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 24 सितम्बर है इसके लिए जारी लिंक पर पंजीयन सुविधा उपलब्ध है। सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी उप संचालक पंकज जैन ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत विभाग के माध्यम से नशामुक्त समाज बनाने के लिए हर स्तर पर संदेशो का सम्प्रेषण किया जा रहा है इसी कड़ी के तहत साइकिल रैली, सायक्लोथॉन का आयोजन रविवार 28 सितम्बर को किया गया है। उपरोक्त प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को नगद राशि से प्रोत्साहित किया जाएगा जबकि निर्धारित दूरी तीस किलोमीटर पूर्ण करने वालों को पांच सौ रूपए का गिफ्ट बाउचर व सर्टिफिकेट प्रदाय किया जाएगा।

# सहकारिताएं बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं: उपायुक्त सहकारिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सहकारिता भारत एवं प्रदेश में विकास की मजबूत धुरी है और गांवों में इसकी सफलता से ही क्षेत्र का वास्तविक उत्थान संभव है। सहकारिता हमारे हर जीवन में व्याप्त है। सहकारिता के बिना हम कोई भी कार्य नहीं कर सकते हैं। चाहे दुगध उत्पादन हो, चाहे राशन की दुकान हो, चाहे गेहूं खरीदी हो, चाहे खाद का मसला हो।

किसान से संबंधित हर कार्य सहकारिता से ही पूरा हो रहा है। सहकारिताएँ बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं। यह बात सहकारिता उपायुक्त ध्रुवकुमार झारिया ने ग्राम सेऊ में आयोजित सहकारिता सम्मेलन में किसानों को संबोधित करते हुए कही। वे यहां पर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के






उपलक्ष्य सहकारी सम्मेलन में बतौर अतिथि शामिल हुए। उपायुक्त झारिया ने आगे कहा कि सहकारिता के माध्यम से हम जितना मिलजुल कर आगे बढ़ सकते हैं वह किसी अन्य माध्यम से नहीं हो सकता। जिस गांव में सहकारी भावना से विकास कार्य और पंचायत के अन्य सामाजिक कार्य संपादित किए जाते हैं उस गांव की पहचान अलग बन जाती है, ऐसे गांव को सभी लोग पसंद करते हैं। उसकी चर्चा सब जगह होती है। प्रो. सविता सोनी ने सहकारिता के इतिहास एवं दैनिक जीवन में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। सहकारिता अधिकारी एवं सहकारी समिति सेऊ के प्रशासक एमएस भदोरिया ने कहा कि सहकारिता जन्म से ही जीवन का हिस्सा है और समस्याओं के समाधान में इसकी अहम भूमिका है। सहकारिता विस्तार अधिकारी किशोर अहरवाल ने विभिन्न सहकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर इस अवसर पर वृक्षारोपण किया गया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस को "सेवा पखवाड़ा" के रूप में मनाते हुए सभी सहभागियों ने मांगलिक भवन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में इफको के प्रारब्ध कुशवाह द्वारा नैनो यूरिया और डीएपी की जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच कृष्णा विकेश मालवीय, अंशुज शर्मा, राजेश साहू, अशोक श्रीवास्तव, घनश्याम शर्मा, पंडित मदनमोहन शर्मा, भीमसेन महाराज, महेश तिवारी, मान खान, राजकुमार प्रजापति, जगदीश महाराज, बृजेश रघुवंशी, गजराज सिंह कुशवाह, वीरसिंह विश्वकर्मा, हुकुम रघुवंशी, नीलेश कुशवाह, छोटू कुशवाह, विनोद साहू, देवेंद्र धाकड़, धनराज धाकड़, नितेश धाकड़, ग़ुलाब गिर, लालू कुशवाह आदि शामिल रहे।

# शांति समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आगामी त्यौहार नवरात्रि एवं मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर नगर के जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे एवं एसडीएम मनीष जैन की उपस्थिति में थाना परिसर में हुई।

बैठक में उपस्थित पार्षद जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नगरिकों अपने सुझाव रखें। जिन पर चर्चा करते हुए एसडीम ने बिजली विभाग के इंजीनियर अहिरवार को नगर के तारों को ऊंचा करने एवं उचित रखरखाव के लिए निर्देश दिए। नगर परिषद सीएमओ को नगर से आवारा पशुओं को नगर से बाहर गौशाला में भेजने के लिए निर्देश दिए। जिसके



लिए नगर में मुनादी कराकर पशुपालकों को अपने पशुओं को अपने स्थान पर बांधने के लिए तीन दिन का समय देने का निर्देश दिया। तत्पश्चात सभी पशुओं को नगर से बाहर भेजने क लिए के लिए तहसीलदार नागेश पवार एवं जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल के साथ टीम बनाने का निर्देश दिया। नवरात्रि के दौरान नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए टीआई पंकज गीते को निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत

**बरेली।** फोरलेन-45 पर छींद जोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर में ग्राम पिपरिया करनसिंह निवासी 34 वर्षीय युवक हरिशंकर उर्फ पप्पू की सडक़ हादसें में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के भाई की रिर्पोट पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश जा रही है। फोरलेन-45 पर छींद जोड से लेकर पुराने बारना पुल तक लगभग आधा दर्जन क्रासिंग है। इन क्रासिंग वाले चौराहों पर दुकानें लगी रहती है। क्रासिंग के दौरान जरा सी असावधानी घटना, दुर्घटना और जानलेवा हादसों का कारण बन रही है। चौराहों पर वाहन या पैदल क्रासिंग के दौरान सुरक्षा इंतजाम संकेतकों के न होने से घटनाएं बढ़ती ही जा रही है।

### घटिया सड़क निर्माण पर कांग्रेसियों का विरोध



**रायसेन।** शुक्रवार को दोपहर जिला कांफ्रेंस कमेटी द्वारा शहर में बनी 32 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन चौड़ीकरण सड़क और 38 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित लोनिवि की सड़क घटिया निर्माण के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों सड़क ठेकेदारों की मिलीभगत से सड़कों पर डामर कम बल्कि गहरे जानलेवा गड्ढों की भरमार ज्यादा है। जिससे आएदिन इन गड्ढों के कारण वाहनों के धंसने से लोग कमर गर्दन दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।कांग्रेसियों द्वारा सागर भोपाल तिराहे पर चिलचिलाती धूप में नुक्कड़ सभा आयोजित कर सड़कों की दुर्दशा पर भाषण फोकस किए। नुक्कड़ सभा में रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह सोलंकी, शुभम ठाकुर, वसीम पटेल शिवम दुबे, शिवनारायण गौर, प्रभात चावला, राजू माहेश्वरी कामता प्रसाद राजौरिया,आदि मौजूद रहे। मनोज अग्रवाल ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में सत्तारूढ़ डबल इंजन की सरकार बेपटरी हो चुकी है। शहर में जमकर हुई मूसलाधार बारिश की वजह नगर की सड़कों के बुरेहाल हैं।

## 'महिषासुर मर्दिनी' की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे शहर के मूर्तिकार

# शुभ संयोग में हाथी पर सवार होकर आ रहीं मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शारदीय नवरात्रि पर्व इस बार 9 दिन के नहीं, बल्कि पूरे 10 दिन के रहेंगे। इस बार श्राद्ध पक्ष 15 दिनों के रहेंगे। नवरात्रि के त्यौहार की मंदिरों में अभी से तैयारी शुरू हो गई है, देवी दुर्गा मंदिरों की साफ-सफाई, रंग रोगन का कार्य जोरों पर है। वहीं श्री दुर्गा उत्सव समितियों के आयोजक दिन-रात माता रानी के पंडाल की सजावट करने में लगे हुए हैं।

आगामी 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत घट स्थापना और मां शैलपुत्री की पूजा से होगी। इस इस साल चतुर्थी तिथि 2 दिन होने से नवरात्रि पर्व 10 दिवसीय रहेगा। शहर में 100 से अधिक स्थानों पर देवी प्रतिमा विराजित की जाएंगी। श्री दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य रात-दिन पंडाल बनाने में जुटे हुए हैं, वहीं मूर्तिकार देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।

धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला सौजना,



आचार्य पंडित राममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि शारदीय नवरात्र के त्यौहार सोमवार से शुरू हो रहा हैं। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। हाथी पर मां का आना सुख-समृद्धि और प्रचुर वर्षा का प्रतीक है। इससे देश में धन-धान्य की कमी नहीं रहती और कृषि उपज अच्छी होती है।

### ◆ शारदीय नवरात्र पर्व के 10 दिन में 10 शुभ संयोग का बन रहा योग, दो दिन रहेगी चतुर्थी शुभ मुहूर्त

### इस बार 9 नहीं, 10 दिन होगी मां दुर्गा की आराधना

*आचार्य राममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार शारदीय नवरात्रि पर्व में एक अद्भुत संयोग बन रहा। इस बार नौ दिनों की जगह 10 दिनों तक देवी मां जगत जननी की आराधना होगी। ग्यारहवें दिन दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व उत्तरा फाल्गुनी एवं हस्त नक्षत्र के संयोग में आ रही है, जो कि एक शुभ योग होता है। नवरात्रि के 10 दिन 10 शुभ योग पड़ रहे हैं। इस वर्ष श्राद्ध पक्ष केवल 15 दिन के हैं और नवरात्रि पर्व 10 दिनों के होंगे। इस वर्ष नवरात्र में चतुर्थी तिथि 2 दिन हो गई है। वैदिक शास्त्रों में कहा गया है कि जिस वर्ष श्राद्ध कम दिनों के होते हैं। उस दौरान नवरात्रि त्यौहार पूरे दस दिन के मनाए जाते हैं।*

**ये रहेंगे घट स्थापना के शुभ मुहूर्त**

शारदीय नवरात्रि पर्व में घट स्थापना ज्वारे बोने का शुभ मुहूर्त सुबह साढ़े 4 से साढ़े 7 बजे तक रहेगा।
अमृत प्रार्थना मुहूर्त : सुबह 9 से साढ़े 10 बजे तक।
शुभ मुहूर्त : दोपहर डेढ़ बजे शाम साढ़े 7 बजे शुभ अमृत मुहूर्त में।

### नवरात्रि में यह 10 शुभ संयोगों का योग

- 22 सितंबर : उत्तराखंड एवं हस्त नक्षत्र योग।
- 23 सितंबर : ब्रह्म योग।
- 24 सितंबर : इंद्र योग।
- 25 सितंबर : रवि योग।
- 26 सितंबर : रवि एवं सर्वार्थ सिद्धि योग।
- 27 सितंबर : प्रीति एवं अनुराधा नक्षत्र योग।
- 28 सितंबर : रवि एवं सर्वार्थ सिद्धि योग।
- 29 सितंबर : सौभाग्य योग।
- 30 सितंबर : शोभन एवं रवि योग।

## रायसेन जिले को मिली सात स्कूलों की सौगात, लेकिन निर्माण में अटका कार्य

# केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर 23 करोड़ खर्च कर बन रहे सांदीपनी विद्यालय

### » निर्माण कार्य में लेटलतीफी और हैंडओवर में फंस रहा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सीएम राइज योजना के जरिए सरकारी स्कूलों को केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर विकसित किया जा रहा सांदीपनी विद्यालय के विद्यार्थी प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों की बराबरी करते नजर आएंगे। इन स्कूलों में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों से पढ़ाई होगी। इनमें 3 से 5 किमी क्षेत्र के दायरे में आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। स्कूल में बस-वैन आदि की सुविधा भी दी जाएगी।

- विद्यार्थी पुरानी बिल्डिंग में मजबूरी में कर रहे पढ़ाई

प्रदेश की डॉ मोहन सरकार इस योजना के तहत हर स्कूल पर 20 से 23 करोड़ की बजट राशि खर्च कर रही है। रायसेन तहसील में रायसेन, सांची में सरकारी स्कूलों को सीएम राइज योजना के लिए चिन्हित किया है। इससे सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ सकेगी। ये स्कूल चार स्तर (संकुल से नीचे, संकुल, ब्लॉक और जिला) पर तैयार होंगे। जो शिक्षक इन स्कूलों में अध्यापन कराएंगे वे एक खास किस्म की ट्रेनिंग के बाद परीक्षा देकर ही सिलेक्ट होंगे। इनमें होस्टल की सुविधा भी रहेगी, ताकि विद्यार्थी पूरा फोकस पढ़ाई पर ही कर सकें। इन स्कूलों के विद्यार्थियों का ड्रेस कोड निजी स्कूलों के विद्यार्थियों की तरह रहेगा।



#### शिकायत मिलने पर कलेक्टर कर चुके निरीक्षण

सांदीपनी स्कूल रायसेन की घटिया बिल्डिंग निर्माण की जब शिकायतें कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा तक पहुंची। तो उन्होंने अधिकारियों की टीम के साथ स्कूल बिल्डिंग निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे। कलेक्टर ने जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाते हुए निर्देश दिए थे।

#### पुराने स्कूल होंगे मर्ज

◆ 3 किलोमीटर में एक सीएम राइज स्कूल (सांदीपनि विद्यालय खुलेगा तो फिर इस दायरे में आने वाले स्कूलों को इसमें मर्ज कर दिया जाएगा। सरकार ने 2026 में सीएम राइज योजना के सांदीपनि स्कूल शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

#### विद्यालय में ये रहेंगी सुविधाएं

◆ कवर्ड कैंपस, स्मार्ट रूम, स्मार्ट क्लास, आईटीसी लैब (कम्प्यूटर लैब), म्यूजिक रूम, आर्ट एंड क्राफ्ट रूम सहित बैंकिंग काउंटर, कैफेटेरिया, क्रिएटिव थिंकिंग एरिया, जिम और एनसीसी आदि की सुविधा रहेगी। ब्लॉक स्तरीय स्कूलों में संकुल स्कूलों की तमाम सुविधाओं के साथ ऑडिटोरियम और टीचिंग हाल, फ्री वाहन सुविधा दी जाएगी।

#### ठेकेदार की मनमानी का आलम, कछुआ गति से चल रहा निर्माण कार्य

ठेकेदारों की मनमानी लापरवाही का आलम यह है कि दो से ढाई साल का समय गुजर जाने के बावजूद स्कूल बिल्डिंगे अधूरी ही पड़ी है। रायसेन में सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का ठेका त्रिशूल कंट्रक्शन कंपनी भोपाल के ठेकेदार को दिया गया है। सांची में भी स्कूल बिल्डिंग बनकर एक साल से हैंडओवर का इंतजार का पेंच उलझा हुआ है।

इसी तरह सिलवानी गैरतगंज, बाड़ी बेगमगंज में भी ठेकेदारों द्वारा घटिया भवन निर्माण की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदारों द्वारा भवन का मॉनिटरिंग करना मुनासिब नहीं समझा है।

#### इनका कहना है

जिले में सांदीपनि स्कूल भवन कहीं 80 तो कहीं 90 फीसदी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। जल्द ही ठेकेदारों से हैंडओवर लेकर स्कूल शुरू कराए जाएंगे।
**- डीडी रजक,** डीईओ रायसेन

## हिंदू संगठन ने जनसेवा हॉस्पिटल के सामने किया विरोध प्रदर्शन

### मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को हिंदू युवा संगठन द्वारा अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर सांची रोड स्थित जनसेवा अस्पताल के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की एवं प्रशासन के अधिकारियों से जायज मांगों को पूरा करने की मांग रखी।

धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तहसीलदार भरत सिंह मांडले, निरीक्षक संदीप चौरसिया, आरक्षक संदीप जैन मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाइश दी, लेकिन वह अपनी मांगों पर अड़े रहे। मौके पर पहुंचे एसडीएम मनीष शर्मा से संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मामले की दो दिनों में जांच कर रिपोर्ट आने के पश्चात खुलासे की बात कही थी, लेकिन तीन दिन गुजर जाने के बाद भी रिपोर्ट नहीं मिली।

एसडीएम शर्मा ने लोगों को आश्वासन देते हुए समझाइश दी कि एक हफ्ते में जांच करवाकर दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। संगठन के युवाओं ने एसडीएम से कहा कि आप इस मामले पर पूरी ईमानदारी पारदर्शिता पूर्ण जांच कराएं। इस अवसर पर राहुल सिंह, दिलीप झा, जगत प्रताप, देवेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

#### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल आएंगे रायसेन

**रायसेन।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं रायसेन विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद शिवराज सिंह चौहान का 21 सितंबर को रायसेन आगमन हो रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री चौहान अपने दौरा कार्यक्रम के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 सितंबर रविवार को सुबह 11 बजे प्रवेश करेंगे ।

# भोपाल में स्कूटी चोरी कर बच्चे का किया अपहरण

### पुलिस को मिली सफलता, 15 घंटों की मशक्कत के बाद पकड़ाया अपहरणकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बाड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव से एक बच्चा आदर्श धानक अचानक गायब हो गया। जब बाड़ी थाने में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने 9 टीमों का गठन कर बच्चें की तलाश शुरू की, आखिरकार 15 घंटो में पुलिस ने आरोपी सुनील उर्फ कमल पुत्र सुरेश बाल्मीकि निवासी इमलिया थाना औबेदुल्लागंज को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

आरोपी सुनील ने भोपाल से स्कूटी चोरी की और 5 वर्षीय बालक आर्दश धानक को बैठा कर ले गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि वह नशे में था इसलिए ऐसा कर लिया। जब आरोपी को बटेरा जोड बम्होरी में पकडा जब भी वह नशे में था और नशे में होने का कारण वह सही-सही नहीं बता पा रहा था।

**खास बातें**

- सिविल अस्पताल में आरोपी को पीटने का प्रयास, हुआ हंगामा
- नशे में था इसलिए उठा लिया था बच्चा



#### आरोपी पर दुष्कर्म सहित अनेक प्रकरण पहले से पंजीबद्ध

*एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध पूर्व से कई मामले दर्ज है। बरेली, सुल्तानपुर, मंडीदीप में आगजनी, दुष्कर्म के भी मामले दर्ज है। पाक्सो एक्ट के अन्तर्गत 314 एवं विभिन्न धाराओं का प्रकरण दर्ज किया गया। चोरी की स्कूटी पर 5 वर्षीय बच्चें को बैठा कर आरोपी तीन थाना क्षेत्रों और लगभग 100 कि.मी. तक घूमता रहा, आखिरकार पुलिस की टीमों ने पूछताछ के जरियें 15 घंटो में बच्चें के अपहरणकर्ता को पकडने में सफलता प्राप्त की।*

#### सिविल अस्पताल में हंगामा

गिरफ्तार आरोपी सुनील उर्फ कमल एवं अपहत 5 वर्षीय बालक आर्दश को नगर के सिविल अस्पताल में मेडीकल कराया जा रहा था। दौनों परिवार के लोगो के बीच विवाद हंगामा हो गया। आरोपी को बच्वें के परिवार वाले ने मारपीट का प्रयास किया परंतु कडी सुरक्षा के कारण आरोपी को सुरक्षित वाहन में बैठा ले गए।

## नप के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का आक्रोश फूटा

# नप सीएमओ पर अभद्र व्यवहार और मनमानी का लगाया आरोप, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर परिषद सिलवानी में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन कलेक्टर के नाम संबोधित था, जिसमें नप के प्रभारी सीएमओ ऋषिकांत यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया कि सीएमओ द्वारा उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। उनके अनुसार वे कर्मचारी कार्यालय के निर्धारित समय के अलावा रात्रि काल में तथा छुट्टी के दिनों में भी कार्य करते हैं, इसके बावजूद यदि कोई कर्मचारी 10-15 मिनट की देरी से आता है, तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है और अनुपस्थिति अंकित कर दी जाती है।



कर्मचारियों का यह भी कहना है कि सीएमओ स्वयं कई बार बिना सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। इसके बावजूद उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाती। वहीं, नियमित कर्मचारियों से कार्य नहीं लिया जाता और उनकी उपस्थिति में गड़बड़ी के बावजूद वेतन भी नहीं काटा जाता।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि हाजिरी रजिस्टर को प्रतिदिन सुबह 10 बजे के बाद छिपा दिया जाता है और उपस्थिति दर्ज करने से रोका जाता है। इतना ही नहीं दो कर्मचारियों को उनके घर पर पदस्थ कर रखा गया है, जिससे कार्यालय में कार्य भार असंतुलित हो रहा है।

कर्मचारियों ने मांग की है कि सीएमओ को तत्काल नप के प्रभारी सीएमओ के पद से हटाया जाए।

# पीएम जनमन योजना के तहत कयामपुर गांव में 35 मरीजों की जांच कर दी दवाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

शुक्रवार को ग्राम कायमपुर में पीएम जनमन एम्बुलेंस एवं मेडिकल स्टाफ द्वारा 35 ग्रामीणों की जांच की गई। साथ ही डॉक्टरों द्वारा रोगों के अनुसार दवाईयां भी दी गई।

इसी क्रम में रायसेन जिले में भी मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वीकृत की गई हैं। यह यूनिट गांव-गांव जाकर सहरिया आदिवासी समाज को उपचार मुहैया कराया जा रहा है।

जिले भर में इन मोबाइल यूनिट का शुभारंभ किया गया है। एक मोबाइल यूनिट एक दिन में दो गांव कवर कर रही है। इसके अलावा इन वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है, जिसकी मानीटरिंग भोपाल से ही की जा रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन भोपाल से ही किया जा रहा है।



इस मोबाइल यूनिट में एक डॉक्टर, फिजियोथैरेपिस्ट, एक लेब टेक्निशियन, एक स्टाफ नर्स, एक एएनएम व ड्रायवर मौजूद रहेंगे। यह स्टाफ मोबइल मेडिकल यूनिट के साथ गांव पहुंचेगा। मरीजों का उपचार प्रदान करेगा। उनकी जांचें कर उन्हें दवाएं उपलब्ध करवाएगा। अगर मरीजों का उपचार करने या मर्ज को समझने के लिए कोई जांच करनी होगी तो लेब टेक्निशियन वहीं पर जांच भी करेगा।

## देवी भक्तों में साथ चल रही महिलाएं, भजन जयकारों का सहारा

# नगर व क्षेत्र से देवी धाम सलकनपुर जा रहे पैदल जत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

22 सितंबर से 10 दिवसीय नवरात्रि पर्व शुरू हो रहा है। इससे पूर्व ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से सलकनपुर वाली विजयासेन माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाने, नवरात्रि के प्रथम दिन विशेष पूजन भंडारे के लिए देवी भक्तों के जत्थें जाना शुरू हो गए है। इन देवी भक्तों के जत्थों में युवा पुरूषों के साथ भारी संख्या में महिलाएं भी पैदल साथ चल रही है।

पिछले 3 दशकों से नगर के युवाओं की टोली नवरात्रि पर्व पर सलकनपुर जा रही है। खेरापति माता मंदिर ग्रुप के देवी भक्तों की टोली में इस वर्ष 116 श्रद्धालु सम्मिलित है। बरेली से 125 कि.मी. दूर पैदल यात्रा कर देवी भक्तों की टोली नवरात्रि के प्रथम दिन विजयासेन माता के दरबार में पहुंचेगी। दर्शन पूजन के साथ भंडारे का अभी आयोजन किया जाएगा। हाथों में ध्वजा, मातारानी के जयकारों के साथ जरूरी सामान के लिए वाहन और गीत संगीत, भजनों के साथ देवी भक्तों की टोली निरंतर आगे बढ़ रही है।



नगर के बीचों बीच से निकली मुख्य सडक़ पर पिछले 2 दिनों से ग्रामीण क्षेत्र से शुरू हुए देवी भक्तों के जत्थें दिख रहे है। सबसे बडी बात कि इन जत्थों में पुरूषों से अधिक महिलाओं की संख्या दिख रही है। जो मातारानी की भक्ति से रम कर नंगे पैरों मातारानी के जयकारों, भजनों के साथ आगे बढ़ रही है। पैदल जत्थों को सलकनपुर वाली मैया के दरबार में पहुंचाने में 4-5 दिनों का समय लगता है।

#### बाड़ी में विराजी मां हिंगलाज

मां हिंगलाज का मूल स्थान तो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में है। परंतु 500 वर्षो पूर्व संत जी ज्वाला के रूप में माँ हिंगलाज को लाए। बारना नदी के पार विन्ध्य पर्वत की तलहटी में माँ हिंगलाज विराजी और संपूर्ण क्षेत्र पर उनकी कृपा बरस रही है। वही बाड़ी के पास सिरवारा ग्राम की उंची पहाड़ी पर माँ विंध्यवासिनी विराजी है। दोनों ही प्राचीन देवी स्थानों पर नवरात्रि के दौरान स्थानीय के साथ दूर-दूर से देवी भक्त दर्शन करने प्रसाद चढ़ाने हजारों की संख्या में आते है। नो दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला बनी रहती है।